INDIAN SCHOOL NIZWA - WORKSHEET

HINDI

दुःख का अधिकार

Name: _____ Date:_____ Class: IX Sec: ___

	निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प से चुनिए-
1	**लेखक किसके रोने का कारण नहीं जान सका ?** (A) बच्चे के (B) बुढ़िया के (C) दूकान वाले के (D) इनमें से कोई नहीं
2	**लेखक रोती हुई बुढ़िया के समीप क्यों जाना चाहता था?** (A) रोने का कारण पूछने (B) बुढ़िया की सहायता करने (C) बुढ़िया के खरबूजे खरीदने (D) बुढ़िया को पैसे देने के लिए
3	**समाज में मनुष्यों का अधिकार और उसका दर्जा कैसे सुनिश्चित होता है ?** (A) रहन-सहन से (B) खान-पान से (C) पोशाक से (D) A, B दोनों
4	**खरबूजे बेचने वाली बुढ़िया के बेटे का क्या नाम था ?** (A) भगवाना (B) भगावना (C) भागवाना (D) भागवन
5	**पुत्र की मृत्यु के अगले दिन किसे बाज़ार आना पड़ा ?** (A) लेखक को (B) पडोसी को (C) बुढ़िया को (D) इन में से किसी को नहीं

6	**बेटे की मृत्यु के बाद स्त्री अगले दिन ही खरबूजा बेचने क्यों बैठ गई?** (A) पैसे की कमी थी (B) उसके लिए धंधा ही उसकी प्राथमिकता थी (C) घर में खाने को कुछ नहीं था (D) इसमें से कोई नहीं
7	**कहानी में किसके मरने पर तेरह दिन का सूतक कहा गया है ?** (A) भगवाना के (B) स्त्री के (C) वृद्ध के (D) पड़ोसी के
8	**बुढ़िया के बच्चे की मृत्यु कैसे हुई ?** (A) दुर्घटना से (B बिमारी से (C) साँप के काटने से (D) खेत में गिरने से
9	**कहानी में लोगों ने किसे 'पत्थर दिल' कहा है ?** (A) लेखक को (B) बुढ़िया को (C) भगवाना को (D) पड़ौसिन को
10	**कपड़े में मुँह को छिपाए सिर को घुटनों पर रखकर कौन रो रहा था ?** (A) लेखक (B) बुढ़िया (C) भगवाना (D) पड़ौसिन
11	**किसकी मृत्यु के पश्चात् बुढ़िया के परिवार का पालन-पोषण करने वाला कोई नहीं था ?** (A) लेखक की (B) पड़ोसी की (C) भगवाना की (D) इनमें से कोई नहीं

12	**बाज़ार में लोग बुढ़िया को किस दृष्टि से देख रहे थे ?** (A) प्रेम की (B) द्वेष की (C) नफ़रत की (D) ईर्ष्या की
13	**साँप के काटने पर बुढ़िया किसको बुला लाई ?** (A) डॉक्टर को (B) पड़ोसी को (C) ओझा को (D) गाँव वालों को
14	**किसके दुःख को देखकर लेखक को संभ्रांत महिला की याद आई ?** (A) बुढ़िया के (B) पड़ोसी के (C) दुकानवालों के (D) इनमे से कोई नहीं
15	**लेखक के अनुसार किसे दुःख मनाने का अधिकार नहीं है ?** (A) अमीरों को (B) पड़ोसी को (C) गरीबों को (D) बच्चों को
16	**बुढ़िया बाज़ार में क्या बेचने गई थी ?** (A) तरबूज़ (B) ख़रबूज़े (C) सब्ज़ी (D) खिलौने
17	**दुख के अधिकार पाठ का क्या उद्देश्य था?** (A) दुख की अनुभूति अमीर गरीब सबको समान रूप से होती है (B) दुख का अधिकार सिर्फ़ गरीबों को होता है (C) दुख का अधिकार सिर्फ़ अमीरों को होता है (D) झाड़ फूंक अंधविश्वास है

18	**लेखक के अनुसार बुढ़िया के खरबूजे कोई क्यों नहीं खरीद रहा था?** (A) वह गरीब थी (B) उसका पति नहीं था (C) उसके बेटे की मृत्यु हो गई थी (D) इनमे से कोई नहीं
19	**लोगों के अनुसार बुढ़िया को कितने दिन सूतक करना चाहिए था ?** (A) दस (B) बारह (C) तेईस (D) तेरह
20	**साँप के काटने के कारण लड़के का शरीर कैसा हो गया था?** (A) ठंडा (B) काला (C) सफ़ेद (D) कड़क

समाप्त